**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 03.12.2020**

## PUNJAB KESARI

# चीन ने तबलीगी जमात के जरिए भारत पहुंचाया कोरोनाः इंद्रेश

## आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ने लगाया बड़ा आरोप

### जे.सी. बोस विश्वविद्यालय समाधान आधारित अनुसंधान तथा नवाचार के लिए देगा पुरस्कार

### निवेशकों ने जताई स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट्स में 5 करोड़ तक निवेश की प्रतिबद्धता

फरीदाबाद, 2 दिसम्बर (महावीर गोयल): आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य इन्द्रेश कुमार ने चीन पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि चीन ने कोरोना वायरस बनाकर वायरल किया जिसे भारत तक लाने का काम तब्लीग जमात ने किया। वे जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सर जगदीश चंद्र बोस की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने सर जगदीश चंद्र बोस की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में 'जे.सी. बोस उत्कृष्टता पुरस्कार' शुरू करने की घोषणा की है। यह पुरस्कार होनहार विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और संकाय सदस्यों को समाज की विभिन्न समस्याओं में समाधान में योगदान देने वाले उनके अनुसंधान और नवाचार के लिए दिया जाएगा। समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 में श्रेष्ठ चुनी गई विद्यार्थियों के स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट्स को विश्वविद्यालय के टेक्नोलॉजी इंक्यूबेशन सेंटर में तीन लाख रुपये तक की सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा की गई।



*बहुउद्देशीय सभागार 'शाकुन्तलम' का उद्घाटन करते इन्द्रेश कुमार साथ में विधायक नरेंद्र गुप्ता व अन्य। (छाया: एस शर्मा)*

इस दौरान, ज्यूरी इन्वेस्टर्स ने निवेश के लिए विद्यार्थियों के सात स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट को निवेश के लिए तकनीकी तथा वित्तीय व्यवहारिकता को लेकर बातचीत का निमंत्रण दिया। ज्यूरी इन्वेस्टर्स द्वारा विद्यार्थियों के स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट्स में कुल 5 करोड़ रुपये तक निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई है। इससे पहले, इन्द्रेश कुमार ने केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की ओर से विश्वविद्यालय में बहुउद्देशीय सभागार 'शाकुन्तलम' का उद्घाटन किया। इंद्रेश कुमार ने आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया। इस अवसर पर आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 में मल्टी फंक्शन 3डी प्रिंटर के स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट के लिए जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के समीर शर्मा के नेतृत्व वाली टीम को विजेता घोषित किया गया।

इसी प्रकार, पलक कुमार की अगुवाई में ऑटोमेटेड वर्टिकल ग्रोइंग प्लान्टर और स्मार्ट पार्किंग प्रोजेक्ट के लिए सचिन यादव के नेतृत्व वाली टीमों को क्रमशः प्रथम उपविजेता तथा द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया। अब इन सभी विजेताओं को विश्वविद्यालय के टेक्नोलॉजी इंक्यूबेशन सेंटर में उनके स्टार्ट-अप प्रोत्साहन देने पर काम किया जायेगा। इसके अलावा, ज्यूरी इन्वेस्टर्स भी उनकी स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट्स में निवेश करेंगे। इसके लिए ज्यूरी इन्वेस्टर्स ने विजेताओं सहित कुल सात स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट को तकनीकी तथा वित्तीय व्यवहारिका को लेकर बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 के अंतर्गत जिन निवेशकों ने विद्यार्थियों के आईओटी प्रोजेक्ट में निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई गई है, उनमें एमवी इलेक्ट्रो सिस्टम के संस्थापक और प्रबंध निदेशक मोहित वोहरा, एडवेंट ऑयलफील्ड सर्विसेज के संस्थापक और प्रबंध निदेशक अनुज कुमार, पीवीएम लॉजिस्टिक्स के संस्थापक और प्रबंध निदेशक मनीष सिंघल, सिंगापुर के जेंगाटीवी के प्रबंध निदेशक और मुख्य तकनीकी अधिकारी शब्बीर मोमिन शामिल हैं। निवेशक जूरी सदस्य द्वारा दो राउंड में विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन किया गया। पहले राउंड में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट का सारांश के आधार पर प्रोजेक्ट का परखा गया, जिसमें प्रोजेक्ट को लेकर समस्या, समाधान तथा व्यवहारिकता संबंधी जानकारी थी। इसके उपरांत विद्यार्थी द्वारा प्रोजेक्ट को लेकर प्रेजेंटेशन दी गई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि यह पुरस्कार दो श्रेणियों में दिया जायेगा। पहली श्रेणी में संकाय सदस्य और दूसरी श्रेणी में शोधार्थी तथा विद्यार्थी शामिल होंगे।

आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता प्रख्यात चिंतक एवं समाज सुधारक इन्द्रेश कुमार द्वारा की गई। इस अवसर पर फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत संचालित भारतीय सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के महानिदेशक डॉ. ओमकार राय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Thu,03 December 2020
Edition: faridabad kesari, Page no. 1

**NEWS CLIPPING: 03.12.2020**

## THE PIONEER

# अनुसंधान पर 'जे सी बोस उत्कृष्टता पुरस्कार' की शुरूआत

## निवेशकों ने जताई स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट्स में 5 करोड़ रुपये तक निवेश की प्रतिबद्धता

**क्षेत्र में 'जेसी बोस उत्कृष्टता पुरस्कार' शुरू करने की घोषणा की है**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने सर जगदीश चंद्र बोस की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में 'जेसी बोस उत्कृष्टता पुरस्कार' शुरू करने की घोषणा की है। यह पुरस्कार होनहार विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और संकाय सदस्यों को समाज की विभिन्न समस्याओं में समाधान में योगदान देने वाले उनके अनुसंधान और नवाचार के लिए दिया जाएगा।

यह जानकारी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 प्रतियोगिता के समापन समारोह में दी। कुलपति ने कहा कि यह पुरस्कार दो श्रेणियों में दिया जायेगा। पहली श्रेणी में संकाय सदस्य और दूसरी श्रेणी में शोधार्थी तथा विद्यार्थी शामिल होंगे। आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता प्रख्यात चिंतक एवं समाज सुधारक इन्द्रेश कुमार द्वारा की गई।

इस अवसर पर फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत संचालित भारतीय सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के महानिदेशक डॉ. ओमकार राय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 में श्रेष्ठ चुनी गई विद्यार्थियों के स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट्स को विश्वविद्यालय के टेक्नोलॉजी इंक्यूबेशन सेंटर में तीन लाख रुपये तक की सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा की गई।

इस दौरान, ज्यूरी इन्वेस्टर्स ने निवेश के लिए विद्यार्थियों के सात स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट को निवेश के लिए तकनीकी तथा वित्तीय व्यवहारिकता को लेकर बातचीत का निमंत्रण दिया।



### शाकुन्तलम का किया उद्घाटन

इन्द्रेश कुमार ने इससे पहले, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की ओर से विश्वविद्यालय में बहुउद्देशीय सभागार 'शाकुन्तलम' का उद्घाटन किया। गुर्जर अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। हालांकि, कार्यक्रम के लिए उन्होंने अपना संदेश प्रेषित किया, जोकि इस अवसर पर पढ़ा गया। इंद्रेश कुमार ने आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया। इंद्रेश कुमार, जो राष्ट्रीय स्वयं सेवक की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य भी हैं, ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे जीवन में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए खुद को कठिनतम चुनौती के लिए तैयार करें।

### विजेता किया घोषित

आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 में मल्टी फंक्शन 3डी प्रिंटर के स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट के लिए जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के समीर शर्मा के नेतृत्व वाली टीम को विजेता घोषित किया गया। इसी प्रकार, पलक कुमार की अगुवाई में ऑटोमेटेड वर्टिकल ग्रोइंग प्लान्टर और स्मार्ट पार्किंग प्रोजेक्ट के लिए सचिन यादव के नेतृत्व वाली टीमों को क्रमशः प्रथम उपविजेता तथा द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया।

**NEWS CLIPPING: 03.12.2020**

## PUNJAB KESARI

### पुरस्कार दो श्रेणियों में दिया जायेगा

# अनुसंधान और नवाचार क्षेत्र में 'जे.सी. बोस उत्कृष्टता पुरस्कार' शुरू

- **विश्वविद्यालय के टेक्नोलॉजी इंक्यूबेशन सेंटर में तीन लाख रुपये तक की सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा की गई।**



**बहुउद्देशीय सभागार 'शाकुन्तलम' का उद्घाटन करते हुए प्रख्यात चिंतक एवं समाज सुधारक इन्द्रेश कुमार। (छाया:राकेश देव)**

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी)। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने सर जगदीश चंद्र बोस की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में 'जे.सी. बोस उत्कृष्टता पुरस्कार' शुरू करने की घोषणा की है। यह पुरस्कार होनहार विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और संकाय सदस्यों को समाज की विभिन्न समस्याओं में समाधान में योगदान देने वाले उनके अनुसंधान और नवाचार के लिए दिया जाएगा।

यह जानकारी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 प्रतियोगिता के समापन समारोह में दी। कुलपति ने कहा कि यह पुरस्कार दो श्रेणियों में दिया जायेगा। पहली श्रेणी में संकाय सदस्य और दूसरी श्रेणी में शोधार्थी तथा विद्यार्थी शामिल होंगे।

आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता प्रख्यात चिंतक एवं समाज सुधारक श्री इन्द्रेश कुमार द्वारा की गई। इस अवसर पर फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत संचालित भारतीय सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के महानिदेशक डॉ. ओमकार राय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया।

समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 में श्रेष्ठ चुनी गई विद्यार्थियों के स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट्स को विश्वविद्यालय के टेक्नोलॉजी इंक्यूबेशन सेंटर में तीन लाख रुपये तक की सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा की गई। इस दौरान, ज्यूरी इन्वेस्टर्स ने निवेश के लिए विद्यार्थियों के सात स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट को निवेश के लिए तकनीकी तथा वित्तीय व्यवहारिकता को लेकर बातचीत का निमंत्रण दिया। ज्यूरी इन्वेस्टर्स द्वारा विद्यार्थियों के स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट्स में कुल 5 करोड़ रुपये तक निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई है।

इससे पहले, श्री इन्द्रेश कुमार ने केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री. कृष्णपाल गुर्जर की ओर से विश्वविद्यालय में बहुउद्देशीय सभागार 'शाकुन्तलम' का उद्घाटन किया। श्री गुर्जर अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। हालांकि, कार्यक्रम के लिए उन्होंने अपना संदेश प्रेषित किया, जोकि इस अवसर पर पढ़ा गया। श्री। इंद्रेश कुमार ने आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया।


**क्लासीफाइड**

**नाम परिवर्तन**

**सीमा गोयल पत्नी विनोद कुमार** निवासी नियर रेलवे चौक आदर्श कॉलोनी तहसील होडल जिला पलवल का नाम आधार कार्ड में कमलेश व सीमा गोयल है। जबकि अन्य कागजातों में मेरा नाम सीमा गोयल है। सीमा गोयल ही मेरा असली नाम है। आगे से मेरे को मेरे असली नाम सीमा गोयल के नाम से ही जाना व पुकरा जाए।



पंजाब केसरी Thu, 03 December 2020
mpaper.punjabkesari.com/c/56764717

**NEWS CLIPPING: 03.12.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# यूनिवर्सिटी ने की जेसी बोस उत्कृष्टता पुरस्कार शुरू करने की घोषणा

NBT. 3/12/2020



**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने सर जगदीश चंद्र बोस की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में रिसर्च व इनोवेशन के क्षेत्र में जेसी बोस उत्कृष्टता पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की है। यह पुरस्कार होनहार छात्रों, शोधकर्ताओं व स्टाफ सदस्यों को समाज की विभिन्न समस्याओं में समाधान में योगदान देने वाले उनके रिसर्च व इनोवेशन के लिए दिया जाएगा। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने आईओटी स्टार्ट अप चैलेंज 2020 प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान यह जानकारी दी। यह पुरस्कार दो श्रेणी में दिया जाएगा। पहली श्रेणी में स्टाफ सदस्य व दूसरी श्रेणी में शोधार्थी व छात्र शामिल होंगे। इस मौके पर मोहित वोहरा, अनुज कुमार, मनीष सिंघल, शब्बीर मोमिन समेत कई लोग मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 03.12.2020**

## AMAR UJALA

# अनुसंधान-नवाचार के क्षेत्र में 'जेसी बोस उत्कृष्टता पुरस्कार'

## सर जगदीश चंद्र बोस की 162वीं जयंती पर हुई घोषणा, विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और संकाय सदस्यों को दिया जाएगा

अमर उजाला ब्यूरो



बहुद्देशीय सभागार 'शाकुन्तलम' का उद्घाटन करते इन्द्रेश कुमार।

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने सर जगदीश चंद्र बोस की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में 'जेसी बोस उत्कृष्टता पुरस्कार' शुरू करने की घोषणा की है। यह पुरस्कार होनहार विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और संकाय सदस्यों को समाज की विभिन्न समस्याओं के समाधान में योगदान देने वाले उनके अनुसंधान और नवाचार के लिए दिया जाएगा।

यह जानकारी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बुधवार को आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 प्रतियोगिता के समापन समारोह में दी। कुलपति ने कहा कि यह पुरस्कार दो श्रेणियों में दिया जाएगा। पहली श्रेणी में संकाय सदस्य और दूसरी श्रेणी में शोधार्थी व विद्यार्थी शामिल होंगे। आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता प्रख्यात चिंतक, आरएसएस राष्ट्रीय कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य व समाज सुधारक इंद्रेश कुमार द्वारा की गई। इस अवसर पर फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत संचालित भारतीय सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के महानिदेशक डॉ. ओमकार राय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 में श्रेष्ठ चुने गए विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स को टेक्नोलॉजी इंक्यूबेशन सेंटर में तीन लाख रुपये तक की सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा की गई। ज्यूरी इन्वेस्टर्स ने सात स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट को निवेश के लिए तकनीकी और वित्तीय व्यवहारिकता को लेकर बातचीत का निमंत्रण दिया। ज्यूरी इन्वेस्टर्स द्वारा विद्यार्थियों के स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट्स में कुल 5 करोड़ रुपये तक निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई है। इससे पहले इंद्रेश कुमार ने केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर की ओर से विश्वविद्यालय में बहुउद्देशीय सभागार 'शाकुंतलम' का उद्घाटन किया।

### 50 से अधिक स्टार्ट-अप शामिल

प्लेसमेंट, एलुमनाई व कॉर्पोरेट मामलों के डीन प्रो. विक्रम सिंह ने बताया कि इस दौरान 50 से अधिक स्टार्ट-अप प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी, जिसमें से 23 प्रोजेक्ट्स को पहले दौर और 10 प्रोजेक्ट्स को अंतिम दौर में शॉर्टलिस्ट किया गया। आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 में मल्टी फंक्शन 3डी प्रिंटर के स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट के लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय के समीर शर्मा के नेतृत्व वाली टीम को विजेता घोषित किया गया। वहीं पलक कुमार की अगुवाई में ऑटोमेटेड वर्टिकल ग्रोइंग प्लांटर और स्मार्ट पार्किंग प्रोजेक्ट के लिए सचिन यादव के नेतृत्व वाली टीमों को प्रथम उपविजेता व द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया।

**NEWS CLIPPING: 03.12.2020**

**HINDUSTAN**

# जेसी बोस उत्कृष्टता पुरस्कार की शुरुआत

**घोषणा**

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने सर जगदीश चंद्र बोस की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य पर अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में जेसी बोस उत्कृष्टता पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की है। ये पुरस्कार होनहार छात्रों, शोधकर्ताओं और संकाय सदस्यों को समाज की विभिन्न समस्याओं में समाधान में योगदान देने वाले उनके अनुसंधान और नवाचार के लिए दिया जाएगा। ये जानकारी कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 प्रतियोगिता के समापन समारोह में दी। उन्होंने कहा कि ये पुरस्कार दो श्रेणियों में दिया जायेगा।

पहली श्रेणी में संकाय सदस्य और दूसरी श्रेणी में शोधार्थी तथा छात्र शामिल होंगे।आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता प्रख्यात चिंतक एवं समाज सुधारक इन्द्रेश कुमार ने की। इस अवसर पर फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत संचालित भारतीय सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के महानिदेशक डॉ. ओमकारराय विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे। विश्वविद्यालय की ओर से आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 में श्रेष्ठ चुने गए छात्रों के स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट्स को विश्वविद्यालय के टेक्नोलॉजी इंक्यूबेशन सेंटर में तीन लाख रुपये तक की सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा की गई। इस दौरान, ज्यूरी इन्वेस्टर्स ने छात्रों के सात स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट को निवेश के लिए तकनीकी तथा वित्तीय व्यवहारिकता को लेकर वार्ता का निमंत्रण दिया।

## 50 स्टार्टअप प्रोजेक्ट के साथ टीमें हुई शामिल

विश्वविद्यालय की ओर से स्टार्ट-अप चैलेंज 2020 की शुरूआत देश में आधुनिक विज्ञान के जनक सर जगदीश चन्द्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य पर की गई थी। समारोह में प्लेसमेंट, एलुमनाई तथा कॉर्पोरेट मामलों के डीन प्रो. विक्रम सिंह ने बताया कि आईओटी स्टार्ट-अप चैलेंज में 50 से अधिक स्टार्ट-अप मिले थे।

## थ्री डी प्रिंटर के साथ टीम रही विजेता

प्रतियोगिता में मल्टी फंक्शन 3डी प्रिंटर के स्टार्ट-अप प्रोजेक्ट के लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय के समीर शर्मा व टीम को विजेता घोषित किया है। वहीं पलक कुमार की अगुवाई में ऑटोमेटेड वर्टिकल ग्रोइंग प्लान्टर को उपविजेता चुना गया। विजेताओं को टेक्नोलॉजी इंक्यूबेशन सेंटर में उनके स्टार्ट-अप प्रोत्साहन देने पर काम किया जाएगा।

**NEWS CLIPPING: 03.12.2020**

**DAINIK BHASKAR**

# अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में 'जेसी बोस उत्कृष्टता पुरस्कार' की शुरूआत

**फरीदाबाद|** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने सर जगदीश चंद्र बोस की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में 'जेसी बोस उत्कृष्टता पुरस्कार' शुरू करने की घोषणा की है। यह पुरस्कार होनहार विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और संकाय सदस्यों को समाज की विभिन्न समस्याओं में समाधान में योगदान देने वाले उनके अनुसंधान और नवाचार के लिए दिया जाएगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने आईओटी स्टार्टअप चैलेंज 2020 प्रतियोगिता के समापन समारोह में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह पुरस्कार दो श्रेणियों में दिया जाएगा। पहली श्रेणी में संकाय सदस्य और दूसरी श्रेणी में शोधार्थी तथा विद्यार्थी शामिल होंगे।